प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- नए जी.एस.टी. सुधार कल से होंगे प्रभावी– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– इन सुधारों से हर वर्ग को होगा लाभ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– जी.एस.टी. सुधार एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को देंगे नया आयाम।
- सेवा पखवाड़े के तहत शिमला व कुल्लू में मैराथन का आयोजन– समाज को दिया गया नशा मुक्ति का संदेश।
- प्रदेश में वर्षा का दौर थमने के बाद राहत कार्यों में आई तेज़ी।

प्रधानमंत्री

देश में अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधार कल 22 सितम्बर से प्रभावी होने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास की गाथा इन जी.एस.टी. सुधारों के साथ बदल जाएगी। उन्होंने इन सुधारों को जी.एस.टी. बचत उत्सव करार देते हुए कहा कि इससे युवा, मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और उद्यमियों को काफी लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों, बचत उत्सव और नवरात्र पर्व के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

*इस जीएसटी बचत उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीज़ों को और ज़्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। हमारे देश के गरीब, मध्यमवर्गीय लोग, न्यू मिडिल क्लास, युवा, किसान, महिलाएं , दुकानदार, व्यापारी, उद्यमी सभी को यह बचत उत्सव का बहुत फायदा होगा।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाने पर ज़ोर दिया है। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुएं, दवाईयां और स्वास्थ्य बीमा अब 5 प्रतिशत कर के दायरे में होंगे।

*देश की वर्तमान ज़रूरतों और भविष्य के सपनों को देखते हुए जीएसटी के ये नए रिफॉर्म्स लगू हो रहे हैं। नए स्वरूप में मुख्य रूप से अब सिर्फ 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के ही टैक्स स्लैब रहेंगे। रोज़मर्रा*

*<u>के इस्तेमाल की ज्यादातर चीज़ें, खाने पीने का सामान, दवाईयां, स्वास्थ्य और जीवन बीमा ऐसे अनेकों सामान अनेकों सेवाएं या टैक्स फ्री होगी या फिर केवल 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा।</u>*

प्रधानमंत्री ने लोगों से स्वदेशी उत्पदों को अपनाने का आह्वान किया और उद्यमियों से भी देश को गौरवान्वित करने वाले अच्छी गुणवत्ता के उत्पादों के विनिर्माण की अपील की।

जयराम ठाकुर

इधर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि जी.एस.टी. के सुधार एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को नया आयाम देंगे। एक बयान में उन्होंने कहा कि देश में नवरात्र के अवसर पर प्रधानमंत्री ने बचत उत्सव का तोहफा दिया है और सही मायनों में ये लोगों के लिए बचत का उत्सव है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से धारा 3 सौ 70 हटाकर एक राष्ट्र–एक निशान और एक विधान का सपना साकार किया था उसी तरीके से जी.एस.टी. लाकर एक राष्ट्र और एक कर का सपना साकार किया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयकर जी.एस.टी. में जो छूट दी गई है उससे देशवासियों को अढ़ाई लाख करोड़ रूपए से अधिक का लाभ होगा।

जीएसटी हेल्पलाइन

उपभोक्ता मामले विभाग ने अगली पीढ़ी के जी.एस.टी. सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जी.एस.टी. शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के अनुसार संशोधित जी.एस.टी. दरों के कार्यान्वयन के बाद उपभोक्ताओं की अपेक्षित पूछताछ और शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र पोर्टल शुरू किया गया है। उपभोक्ता अब पोर्टल या टोल–फ्री नंबर एक नौ एक पांच के माध्यम से 17 भाषाओं में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

मैराथन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा युवा मोर्चा ने आज शिमला के रिज मैदान से चौड़ा मैदान तक नमो युवा मैराथन का आयोजन किया गया। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर व पार्श्व गायक मोहित चौहान ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में नशा तेजी से फैल रहा है ऐसे में नशे के खिलाफ जन आंदोलन छेड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नमो युवा रन सिर्फ एक दौड़ नहीं बल्कि युवाओं के उत्साह, देशभक्ति और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने की पहल है। नशा मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत कुल्लू में भी मैराथन का आयोजन किया गया।

<u>सेवा पर्व</u>

सेवा और सुशासन, के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम चर्चा करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने यूपीआई क्रांति का नेतृत्व किया और डिजिटल भुगतान को सभी के लिए सहज, सुरक्षित और सुलभ बनाया। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट.................

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत में तकनीकी क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुआ है। यूपीआई यानि एकीकृत भुगतान प्रणाली भी इस परिवर्तन का प्रमुख हिस्सा है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने वर्ष 2016 में शुरू किए यूपीआई के माध्यम से कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत कर देश की भुगतान व्यवस्था में क्रांति पैदा कर दी है। यह प्रणाली निर्बाध धन अंतरण, व्यापारिक भुगतान और सामान्य डिजिटल लेनदेन को सक्षम बनाती है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई की उपयोगिता के बारे में बात की थी।*

*साथियों यूपीआई का हमारा प्लेटफॉर्म आज दुनिया को अजूबा कर रहा है। हमारे में समर्थ है। रियल टाइम ट्रांजेक्शन में 50 प्रतिशत अकेला भारत यूपीआई माध्यम से कर रहा है।*

*वर्तमान में यूपीआई का दायरा व्यापक हो चुका है। अगस्त 2025 तक, यूपीआई से 20 अरब रुपये के लेनदेन हो चुके थे। दिल्ली के एक जूस विक्रेता रोहित ने यूपीआई के फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि इससे लेन–देन आसान हो गया है।*

*जब से यूपीआई आया है तब से हम लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है क्योंकि यूपीआई से न केवल हमारे को बैठे–बैठे पेमेंट मिलती है, उल्टा हमें कहीं भी भेजने के लिए हमें कहीं जाना नहीं पड़ता ना हमें बैंक जाना पड़ता पैसा हमारे डायरेक्ट अकाउंट में आता है टाइम सेविंग होता है बस में यही कहना चाहूंगा कि आज के युग में बिना यूपीआई के तो ट्रांजैक्शन लेनदेन व्यापार कुछ भी पॉसिबल नहीं है। यूपीआई के लिए मैं भारत सरकार का धन्यवाद करता हूं। भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गति पकड़ रही है। वर्तमान में यूपीआई संयुक्त अरब अमारात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में प्रचलित है। यूपीआई ने आम नागरिकों और व्यापारियों दोनों के लिए एक सहज, सुरक्षित और सुलभ मंच प्रदान करते हुए, वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहन देने और देश को नकदी रहित अर्थव्यवस्था को बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।*

धर्माणी

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पालमपुर में आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से मज़बूत किया जा रहा है। धर्माणी ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में फार्मासिस्टों की भूमिका को भी अहम बताया।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि आपदा प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने आज चम्बा ज़िले में भटियात क्षेत्र के आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और अधिकारियों को राहत व पुनर्वास कार्यों में तेज़ी लाकर क्षतिग्रस्त हुए आधारभूत ढांचे को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विशेष आपदा राहत पैकेज की घोषणा कर राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना रहा। प्रदेश में वर्षा का दौर थमने के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में तेज़ी आई है। इस मॉनसून सीजन में राज्य में सामान्य से 46 फीसदी अधिक वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में प्रदेश के कुछ हिस्सों से दक्षिण पश्चिम मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल दिख रही हैं।

पर्यटन निगम

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अभी तक भी अगस्त माह के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। ऐसे में निगम प्रबंधन के इस रवैये पर भारतीय मज़दूर संघ ने कड़ी आपत्ति जताई है। निगम के प्रदेश अध्यक्ष मदन राणा व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि यदि कर्मचारियों को जल्द ही वेतन जारी नहीं किया गया तो निगम प्रबंधन का घेराव किया जाएगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- नए जी.एस.टी. सुधार कल से होंगे प्रभावी– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– इन सुधारों से हर वर्ग को होगा लाभ।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– जी.एस.टी. सुधार एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को देंगे नया आयाम।
- सेवा पखवाड़े के तहत शिमला व कुल्लू में मैराथन का आयोजन– समाज को दिया गया नशा मुक्ति का संदेश।
- प्रदेश में वर्षा का दौर थमने के बाद राहत कार्यों में आई तेज़ी।